# गाजे बाजे के साथ निकली बाबा की बरात



नवभारत न्यूज

**सिमरिया/पन्ना 16 फरवरी। सिमरिया नगर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में धार्मिक कार्यों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के सभी मंदिरों को एवं शिवालयों को दुल्हन की तरह सजाया गया नगर का वातावरण मानो शिव भक्ति में हो गया हो महाशिवरात्रि के पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नगर के सभी मंदिरों में एवं शिवालयो प्रातः काल से भारी जन सैलाव लाभ पहुंचा।**

सभी मंदिरों में हर-हर महादेव की ध्वनि सुनाई दे रही थी स्थानीय प्राचीन चोपड़ा मंदिर मैं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भूत भावन भगवान भोलेनाथ का दुग्थाभिषेक, जलाभिषेक एवं शिवार्चन वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पंडित सुदीप त्रिपाठी द्वारा विधि विधान से करवाया गया तदुपरान्त भगवान भोलेनाथ की बारात नगर भ्रमण हेतु निकाली जिसमें बैन्डो एवं डीजे की धुन पर बाराती की नाचते हुए दिखाई दिए जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद एवं जल वितरण के स्टॉल बारात के स्वागत के लिए लगाए गए प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम जन सहयोग से आयोजित होता है और भगवान भोलेनाथ की बारात में नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ उठाते।

## महाशिवरात्रि पर अरण्य धाम में शिव भजन



पन्ना 16 फरवरी ।महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर दिनांक 15 फरवरी रविवार को सायं 6 .00 बजे वन परिक्षेत्र रैपुरा कैंपस स्थित अरण्य धाम मंदिर परिसर में विशेष शिव भजन संध्या एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहां एक ओर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर भजनों का आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर वनों को आग जैसी आपदाओं से सुरक्षित रखने को लेकर भी जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय भजन मंडली द्वारा शिव भक्ति से जुड़े भजनों के साथ-साथ विशेष रूप से ऐसे जन-जागरूक भजन प्रस्तुत किए गए, जिनमें जंगलों में लगने वाली आग के दुष्परिणामों, वन्य जीवों को होने वाली क्षति और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को सरल शब्दों में समझाया गया। भजनों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि थोड़ी सी लापरवाही किस तरह हजारों पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के जीवन पर संकट बन सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का भी अवसर है।

# भूकंप पूर्व तैयारी व क्षमतावर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 फरवरी। गृह विभाग के आपदा प्रबंध संस्थान के निर्देशानुसार पन्ना जिले में भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को जिला स्तरीय भूकंप रोधी संरचना निर्माण विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।**

जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण का प्रशिक्षण 16 से 20 फरवरी तक एवं द्वितीय चरण में 23 से 27 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। प्रथम प्रशिक्षण का शुभारंभ होमगार्ड ग्राउण्ड पन्ना में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रतिभागियों को भूकंप आपदा प्रबंधन सहित बिल्डिंग एवं फायर सेफ्टी कोड, स्ट्रक्चर एनालिसिस एवं सॉफ्टवेयर इत्यादि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। प्रति दिवस 50 प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि आपदा किसी भी स्वरूप में आ सकती है। इस प्रशिक्षण के जरिए प्रशिक्षणार्थी आवश्यक बारीकियां सीखेंगे। प्रशिक्षण में विभिन्न माध्यमों से वांछित जानकारियों के बारे में अवगत कराया जाएगा। भूकंप संबंधी आपदा प्रबंधन में यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण सबित होगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों से बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपेक्षा की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चैहान ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में आपदा प्रबंधन एवं जनजागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी और व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन कार्ययोजना में सभी विभागों और सहभागी संस्थाओं का समन्वित प्रयास व सहयोग जरूरी है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी कुशल सिंह गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम प्रशिक्षण में महाविद्यालयों के शैक्षणिक स्टॉफ सहित पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, ग्रामीण और शहरी निकायों के अधिकारी, माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य, चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि सेवानिवृत्त सैनिक, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट, स्काउड गाइड, नेहरू युवा केन्द्र तथा एनजीओ सहित जिला व जनपद पंचायत कर्मियों को दूसरे चरण में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## संस्कृत परीक्षा में शामिल हुए 2213 परीक्षार्थी

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा बारहवीं की संस्कृत विषय की बोर्ड परीक्षा सोमवार को 40 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। इसमें कुल 2213 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। सहायक संचालक शिक्षा, जिला स्तरीय दल, मंडल सदस्य और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुई।

# 20 वर्ष से फरार वारंटी हुआ गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 फरवरी। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नाएडू के मार्गदर्शन में जिले भर में फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।**



इसी अभियान के अंतर्गत थाना बृजपुर पुलिस को 20 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने मे एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी बृजपुर उनि. शक्ति प्रकाश पाण्डये को फरार आरोपी ज्ञानलाल पिता नाखून बहेलिया के देवेन्द्रनग थाना क्षेत्र मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिसपर बृजपुर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए। मामले मे फरार स्थायी वारंटी ज्ञानलाल पिता नाखून बहेलिया, निवासी ग्राम गांधीग्राम थाना कोतवाली, हाल निवासी बड़गांव को देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ागांव से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी लगभग 20 वर्षों से फरार चल रहा था तथा न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट के बावजूद गिरफ्तारी से बचता रहा। आरोपी के विरुद्ध धारा 9 एवं 51 वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्सन एक्ट 1972 के अंतर्गत अवैध शिकार के मामले मे न्यायालयीन प्रकरण लंबित है।

# छत्रसाल महाविद्यालय में भारतीय तटरक्षक बल पर विशेष व्याख्यान आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 फरवरी। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एच. डी. चतुर्वेदी तथा स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल के निर्देशन में कलाभवन में इंडियन कॉस्ट गार्ड रू समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य के अवसर विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ वीणा वादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. एच. डी. चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय तटरक्षक बल देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और मानवीय सेवा का भी महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रसेवा के इन अवसरों को समझें और अनुशासन, समर्पण व कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रशांत चैबे रहे।

उन्होंने भारतीय तटरक्षक बल के गौरवशाली इतिहास, स्थापना के उद्देश्यों तथा 7,500 किलोमीटर से अधिक लंबी तटरेखा की सामरिक, आर्थिक और ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वयम रक्षामः ध्येय वाक्य को आत्मसात करते हुए तटरक्षक बल समुद्र में घुसपैठ और तस्करी के विरुद्ध सजग प्रहरी की भूमिका निभाता है। विभागीय विशेषज्ञों में भूगोल विभाग से सुखदेव ने समुद्री भूगोल और विशेष आर्थिक क्षेत्र की जानकारी देते हुए समुद्री संसाधनों की सुरक्षा में तटरक्षक बल की भूमिका बताई।

## उपार्जन समिति की हुई बैठक

पन्ना 16 फरवरी। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उपार्जन समिति की बैठक हुई। इस मौके पर धान उपार्जन के तहत स्कंध के उठाव और परिवहन इत्यादि की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। परिवहन कार्य में देरी या लापरवाही के कारण भुगतान लंबित होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद्यान्न वितरण के लिए एक सप्ताह का प्लान तैयार कर शत प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करें। इसके अलावा गेहूं पंजीयन के लिए बराछ, गौरा एवं बृजपुर में भी केन्द्र स्थापना के निर्देश दिए।



# एसडीएम कार्यालय का एसडीएम एवं तहसीलदार ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 16 फरवरी। तहसील कार्यालय के बगल से एसडीएम कार्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है अभी तहसील कार्यालय में ही एसडीएम कार्यालय लगता था परंतु तहसील कार्यालय के बगल से खसरा नंबर 420 पर एसडीएम कार्यालय का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसकी छत डल चुकी है।**

आज एसडीएम आलोक मार्को तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा पर निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए तब ठेकेदार द्वारा बिल्डिंग का निर्माण के साथ कार्यालय की बाउण्डरी के निर्माण की भी बात कही गई जो बिल्डिंग के निर्माण कार्य के साथ है तब तहसीलदार सुरेंद्र कुमार द्वारा एसडीएम कार्यालय की चैतरफा बाउण्डरी के लिए 25-25 मीटर चैड़ाई चारों तरफ़ से एवं 15 मीटर गहराई आर आई राजकुमार वर्मा पटवारी दीपेंद्र तिवारी से एसडीएम तहसीलदार ने अपने सामने ठेकेदार को जमीन नापकर चिन्हित की वाउन्डरी कार्यालय की भी भवन के साथ निर्माण किया जाए।

एसडीएम आलोक मार्को ने ठेकेदार से समय सीमा पर निर्माण कार्य कर राजस्व विभाग को भवन शीघ्र सुपुर्द करने की निर्देश दिए।

# महाविद्यालय में 15 दिवसीय योग एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आरंभ

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 फरवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में आज दिनांक 16 फरवरी से 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम ( समस्त विद्यार्थियों ) के लिए प्रातः 10.30 से 11.30 एवं 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम महाविद्यालय की ( छात्राओं ) के लिए प्रातः 11.30 से 12.30 तक क्रीड़ा विभाग द्वारा साइंस कॉलेज के इंडोर स्टेडियम में आरंभ किया है।**



इस शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एच.डी चतुर्वेदी जी द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य द्वारा प्रतिभागियों को शिविर की महत्ता के बारे में बताया एवं इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के स्वर्णिम विकास में सहयोग प्रदान करते इस पर भी अपने विचार रखे, शिविर की विस्तृत जानकारी क्रीड़ा अधिकारी धर्मेन्द्र यादव द्वारा दी गई जिसमें बताया बताया गया है। कि पन्द्रह दिवसीय यह शिविर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के निरंतर 02 मार्च तक प्रात 10.30 से 12.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में अभी 120 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है।

# महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में प्रारंभ हुआ नवाचार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 फरवरी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी के संरक्षण में भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा विभागीय आंतरिक परियोजना कार्य दिनांक 16 से 28 फरवरी के मध्य प्रारंभ किया जा रहा है।**





इस परियोजना कार्य के अंतर्गत छात्रों को शैक्षिक प्रशिक्षण, प्रयोगों को स्थापित कर रखरखाव का प्रशिक्षण, वर्चुअल लैब की सहायता से प्रयोग करना आदि कार्य संपादित किए जाएंगे। परियोजना के संपादन हेतु भौतिक शास्त्र स्नातकोत्तर छात्रों की शैक्षणिक टीम, प्रयोगशाला टीम, प्रबंधन एवं परीक्षक टीम गठित की गई है। इस कार्य का उद्देश छात्रों में प्रायोगो और परियोजना कार्य के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान का विकास करना है। प्रथम दिवस परियोजना कार्य प्रमुख डॉ नंद कुमार पटेल ने स्नातक मेजर फिजिक्स एवं स्नातकोत्तर के सभी छात्रों को आंतरिक परियोजना कार्य के उद्देश्य, संपादन पर सूक्ष्मता से चर्चा करते हुए दिनांक 20 एवं 21 को महाविद्यालय में होने वाले राष्ट्रीय सेमिनार पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम समन्वयक अरविंद निषाद ने सभी गठित समितियां को दायित्व स्पष्ट करते हुए आगामी संभावित विभागीय परियोजना कार्यों जैसे- नेट/गेट/सेट परीक्षाओं की तैयारी, प्रशिक्षण आदि के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 90 दीपक विशिष्ट अतिथियों ने प्रज्वलित किए

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 फरवरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही आध्यात्मिक रीति के साथ मनाया गया सुबह शिवजी की पूजा अर्चना के उपरांत शिव ध्वजारोहण किया गया।**

ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का पर्व विशेष पर्व है विश्व की सभी महान विभूतियों के जन्म उत्सव मनाए जाते हैं लेकिन परमात्मा शिव की जयंती को जन्मदिन न कह कर शिवरात्रि कहा जाता है आखिर क्यों, इसका भावार्थ है परमात्मा जन्म मरण से न्यारे उनका किसी महापुरुष या देवताओं की तरह शारीरिक जन्म नहीं हुआ, वह अलौकिक जन्म लेकर अवतरित होते हैं उनकी जयंती कर्तव्य वाचक रूप से मनाई जाती है, जब सृष्टि पर अति धर्म गिलानी के समय अत्याचार, पापाचार की अति हो जाती है तब परमात्मा साधारण मानव के तन में प्रवेश करके सृष्टि का परिवर्तन करते हैं, वर्तमान समय कलियुग का अंतिम चरण चल रहा है यह सारा काल,रात्रि ही है हम सभी आत्माओं को यह शुभ संदेश देना चाहते हैं कि अब परमपिता परमात्मा शिव संसार को पवन तथा सुखी बनाने के लिए फिर से प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर सहज राज योग,ध्यान की शिक्षा दे रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह पन्ना विधायक शिव ध्वजारोहण करने के पश्चात, कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था से अनेक लोग जोड़कर अपना जीवन परिवर्तन कर रहे हैं, मैं यह मानता हूं कि आपके माध्यम से जो भी ज्ञान अर्जित होता है।



# कुएं से 15 जंगली सुअरों का वन विभाग ने किया रेस्क्यू



नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 फरवरी। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत रेंज रैपुरा के ताखोरी गांव स्थित एक खेत में बने लगभग 35 फीट गहरे कुएं में गिरे 15 जंगली सुअरों को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।**

यह रेस्क्यू अभियान लगभग दो घंटे तक चला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेत मालिक रतन सिंह यादव, निवासी ताखोरी के खेत में स्थित कुएं में सुबह जंगली सुअरों का झुंड गिर गया था। सुबह खेत पर पहुंचे ग्रामीणों ने जब कुएं से आवाजें सुनीं तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक कुमार जैन के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रस्सियों, जाल और अन्य उपकरणों की सहायता से एक-एक कर सभी 15 जंगली सुअरों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी सुअरों को प्राथमिक जांच के बाद नजदीकी सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि खुले कुओं और गहरे गड्ढों को ढंककर रखें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से वन्य जीवों और मवेशियों को बचाया जा सके।

## घायल को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल



पन्ना 16 फरवरी। गत दिवस थाना अजयगढ़ के अंतर्गत ग्राम कगरे का बारा से डायल 112 को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क दुर्घटना मे घायल हो गया है तत्काल डायल 112 के पायलट नंद कुमार मिश्रा एवं आरक्षक नरेंद्र ने मौंके पर पहुंचकर देखा साईकिल सवार लक्ष्मी यादव पिता मैयादीन यादव अपने घर कगरे का बारा जा रहा था तभी तेज रफ्तार से आये बाइक चालक ने उसको ठोकर मार दी।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 16 फरवरी। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरण व शिकायतों की समीक्षा कर दो दिवस में संतुष्टिपूर्वक समाधान व अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।**



जिला कलेक्टर द्वारा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के एजेंडा बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा भी की गई। इस संबंध में आगामी 19 फरवरी को मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रस्तावित बैठक के दृष्टिगत संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल-जल स्कीम को एक माह में पूर्ण करने, 108 धरती आबा ग्रामों में आवास योजना के क्रियान्वयन पर फोकस करने, पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत अधिकतम प्रकरणों का निराकरण तथा जिला कौशल समिति की बैठक के शीघ्र आयोजन के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की।

टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के परियोजना निर्माण कार्य स्थलों पर सूचना पटल स्थापित कराने एवं गत धान उपार्जन कार्य की अविलंब शत प्रतिशत पूर्णता सहित विभिन्न विभागों द्वारा कंडम वाहनों की शीघ्र नीलामी की कार्यवाही आरंभ करवाने तथा अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में रिक्त पदों की जानकारी भी तत्काल भेजने के लिए कहा।

कलेक्टर ने मुख्य डाकघर पन्ना के निकट नगर पालिका परिषद पन्ना एवं जनपद पंचायत पन्ना के नवीन भवन निर्माण के लिए आवंटित भूमि और भवन निर्माण की कार्ययोजना के बारे में पूछा।